कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री कमल कान्त शर्मा निवासी– 195/23 राणा सांगा मार्ग, द्वारिकापुरी सर्किल, प्रताप नगर, जयपुर 302033

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी दौसा

अपील संख्या 124/2025

निर्णय

दिनांक 21.10.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/उपखंड अधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा व उपखंड अधिकारी दौसा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2624–2625 दिनांक 07.10.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा ने पत्र कमांकः आर.टी.आई./2025/895 दिनांक 16. 10..2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपखंड अधिकारी दौसा द्वारा पत्र कमांकःआरटीआई/2025/1093 दिनांक 14.10.2025 के द्वारा अपीलांट को सीधे ही प्रेषित की जाकर प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की है। शेष सूचना की वस्तुस्थिति से अपीलांट को अवगत कराते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:43:40 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर दौसा